# निवेश को लेकर मुख्यमंत्री से मिले फ्रांस के राजदूत

लखनऊ। फ्रांस के राजदूत डॉ. थियरी माथू ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल के साथ सीएम से



मुलाकात के दौरान रक्षा, फार्मा व शिक्षा सेक्टर में समझौते व निवेश को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने फ्रांसीसी कंपनियों को एनसीआर और बुंदेलखंड में निवेश के लिए आमंत्रित किया। फ्रांस के राजदूत ने यूपी और फ्रांस के बीच व्यापारिक और सांस्कृतिक साझेदारी और प्रगाढ़ करने की इच्छा जताई। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य व यूपी की 60 फीसदी युवा शक्ति को लेकर प्रतिनिधिमंडल उत्साहित था। उन्होंने आईटी कॉरिडोर, स्मार्ट सिटी व सांस्कृतिक उन्नयन को लेकर भी यूपी के साथ काम करने को लेकर रुचि दिखाई। ब्यूरो